


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 13 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 147 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# कचहरी उड़ाने की धमकी

## खाली कराया गया परिसर, सघन जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

● रात डेढ़ बजे जिला जज को आया मेल

● आंखों के सामने सजीव हो उठे पुरानी घटना के दृश्य



**वाराणसी।** वाराणसी, अयोध्या, मेरठ और मिर्जापुर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सभी जगहों पर धमकी का ईमेल सरकारी मेल पर आया। इसका पता लगते ही हड़कंप मच गया। फिलहाल, चारों कोर्ट परिसरों को पुलिस ने खाली करा दिया है। कोर्ट के एक-एक कोने की जांच की जा रही है। हालांकि, अभी तक कहीं भी कुछ नहीं मिला है। कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को एक बार फिर पुराने हादसे का दौर वकीलों के जेहन में दौड़ गया। आनन फानन मौके पर पुलिस पहुंची और सुरक्षात्मक उपायों को अपनाते हुए सुरक्षा के उपाय कर जांच पड़ताल भी की गई। जिला जज संजीव शुक्ला ने सुरक्षा कारणों से परिसर को खाली कराने के लिए सभी वकीलों से अनुरोध किया। परिसर खाली होने के बाद सघन जांच की गयी। जिला जज के ईमेल पर रात में 1.30 बजे कचहरी को बम उड़ा देने का संदेश प्राप्त हुआ है। इस गंभीर मामले की जानकारी सेंट्रल बार अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी वकीलों को परिसर में किसी भी संदिग्ध वस्तु के दिखाई देने पर तुरंत इसकी सूचना देने के लिए कहा गया है। वहीं काम ठप कर परिसर को जांचा-परखा गया। जिला जज ने इस धमकी की सूचना जिला और पुलिस प्रशासन को दी है, साथ ही बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी इस मामले से अवगत कराया गया है। घटना परिसर में सुरक्षा को लेकर चिंता का विषय बन गई है। सुरक्षा को और अधिक सख्त करने के लिए सभी वकीलों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। प्रेम प्रकाश सिंह गौतम ने कहा कि इस प्रकार की धमकियों से न केवल वकीलों बल्कि न्यायालय में आने वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा सकता है। इस संदर्भ में, जिला जज ने सभी संबंधित अधिकारियों से मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत दी जानी चाहिए ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। कचहरी परिसर में सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। प्रशासन ने सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने का निर्णय लिया है। धमकी ने कचहरी परिसर में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर से सवाल उठाए हैं।

# बांग्लादेश में BNP

● तारिक रहमान के सिर जीत का सेहरा, दशकों बाद कोई मर्द होगा पीएम

● जमात-ए-इस्लामी को मिली शिकस्त

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने बड़ी जीत दर्ज की है। BNP ने 299 सीटों में से 209 हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 286 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 70 सीटें मिली हैं। जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने ढाका-15 सीट से जीत दर्ज की है। देश में करीब 20 साल बाद BNP की सरकार बनी है। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे और BNP अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। वे पिछले साल दिसंबर में 17 साल बाद देश लौटे थे। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा।

### मोदी ने दी तारिक को बधाई

**नई दिल्ली।** भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी ने बीएनपी की जीत पर पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह जीत बांग्लादेश के लोगों के उनके नेतृत्व में भरोसे को दिखाती है। भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में हमेशा खड़ा रहेगा।

## लापता नहीं, गिरफ्तार हैं सपा प्रवक्ता
### पत्नी ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट



**लखनऊ।** सपा प्रवक्ता मनोज यादव 12 फरवरी की शाम घर से एक तिलक कार्यक्रम में जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक वापस नहीं आए तो पत्नी प्रभा ने गोमती नगर विस्तार थाने में शुक्रवार की सुबह गुमशुदगी दर्ज कराई थी। छानबीन में पता चला कि सपा प्रवक्ता मनोज यादव को छेड़छाड़ व एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। पत्नी ने तहरीर में बताया कि मनोज शाम को घर से काकोरी में चचेरी बहन के तिलक और दो अन्य शादियों में जाने की बात कहकर कार से गए थे। देर रात तक वापस नहीं लौटे तो कई बार कॉल की गई, लेकिन जवाब नहीं मिला। खोजबीन पर पता नहीं चला तो सुबह गुमशुदगी दर्ज कराई। गोमती नगर विस्तार थाने के इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की गई तो बाराबंकी के सफदरगंज में एक मुकदमे में उनकी गिरफ्तारी की जानकारी मिली है। आज पुलिस उन्हें बाराबंकी कोर्ट में पेश करेगी।

## यूपी बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (UPMSP) की ओर से कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। जो उम्मीदवार यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले हैं, वे उम्मीदवार अपने स्कूल के शिक्षक एवं प्रिंसिपल से बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए (UP Board Exam 2026 Admit Card) प्राप्त कर सकते हैं। सभी शिक्षक यूपी बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे एडमिट कार्ड प्राप्त करने के बाद उसमें दी गई सभी जानकारी की जांच अच्छे से कर लें।

## राहुल गांधी पर सरकार अब निशिकांत दूबे के जरिये कसेगी शिकंजा



**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण और उनके बजट भाषण के दौरान की गई टिप्पणियों को संसद में लाने के मुद्दे पर लाए गए प्रस्ताव को वापस लेने का फैसला किया है। मीडिया से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि सारगर्भित प्रस्ताव स्वीकार हो जाने के बाद सरकार अध्यक्ष से परामर्श करके यह तय करेगी कि मामले को विशेषाधिकार समिति, आचार समिति को भेजा जाए या सीधे सदन में चर्चा के लिए लाया जाए। रिजिजू ने कहा कि सरकार ने प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। राहुल गांधी ने नियमों का उल्लंघन किया और एक अप्रकाशित पुस्तक का अवैध रूप से उल्लेख किया; उन्होंने अपने बजट भाषण में भी कई बातें कहीं - 'देश बिक गया' और प्रधानमंत्री के लिए अन्य बेतुकी बातें। कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर हम उन्हें नोटिस देना चाहते थे।

## सपा में शामिल होंगे नसीमुद्दीन सिद्दीकी

**लखनऊ।** बीते दिनों कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाले नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल होंगे। उन्हें जल्द ही पार्टी की औपचारिक सदस्यता दी जाएगी। बीते दिनों उन्होंने पार्टी में खुद की उपेक्षा की बात कहते हुए कांग्रेस से किनारा किया था। कांग्रेस छोड़ने के बाद इस बात की अटकलें लग रहीं थीं कि वह बसपा में शामिल हो सकते हैं। मालूम हो कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और पार्टी में उनका अच्छा रसूख था।

## हाईवे पर टकरायीं गाड़ियां सात लोगों की जान चली गयी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां आज शुक्रवार सुबह ग्रामीण जिले होसकोटे के बाहरी इलाके में चेन रोड एक्सीडेंट में करीब सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, यह एक्सीडेंट होसकोटे-डबासपेट नेशनल हाईवे (NH-648) पर एम सत्यवारा गांव के पास हुआ। होसकोटे से देवनहल्ली की तरह जा रही XUV 700 कार मोटरसाइकिल से टकरा गई। मोटरसाइकिल से टकराने के बाद कार ड्राइवर का कंट्रोल खो गया और गाड़ी एक कैंटर से जाकर टकरा गई। कार, मोटरसाइकिल और कैंटर की टक्कर में एक और कार शामिल हो गई। होसकोटे-डबासपेट नेशनल हाईवे पर चार वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। कार और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद कैंटर भी टकरा गया और बाद में एक और कार इस हादसे की चपेट में आ गई। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में अब तक सात लोगों की मौत की खबर सामने आई है।


## हिमाचल में 31 मई से पहले कराएं पंचायत चुनाव



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर जारी असमंजस शुक्रवार को खत्म हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने आज राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है कि प्रदेश में पंचायती रांज संस्थाओं और नगर निकायों के चुनाव 31 मई, 2026 से पहले संपन्न कराए जाएं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सरकार की अपील स्वीकार करते हुए मामले का निपटारा कर दिया।

## रणवीर और रोहित शेट्टी को बिश्नोई गैंग ने दी स्टाफ को मार देने की धमकी





**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग रणवीण सिंह और रोहित शेट्टी को नई धमकी दी है। लॉरेन्स बिश्नोई गैंग ने धमकी दी है कि हम तुम्हारे कर्मचारियों को जान से मार देंगे। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। लॉरेंस बिस्नोई गैंग ने रणवीर सिंह धमकी दी है कि हम तुम्हारे पूरे स्टाफ को मार डालेंगे। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हैरी बॉक्सर नाम के एक आदमी ने एक नया ऑडियो मैसेज जारी किया है जिसमें एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी को धमकी दी गई है। उसने चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने उसकी मांगें नहीं मानीं तो उनके पूरे स्टाफ को मार दिया जाएगा।




# मुख्तार अंसारी के करीबी की हत्या से सनसनी

● फिल्मी अंदाज में गोली मारकर उतारा मौत के घाट



**बाराबंकी।** लखनऊ से वापस लौट रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख और माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी बताए जाने वाले शोएब की शुक्रवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात देवा रोड स्थित असेनी मोड़ के पास उस समय हुई जब वह कार से अपने घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले से मौजूद बदमाशों ने उनकी कार को घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि करीब 10 राउंड गोलियां चलाई गईं। गोलियों की आवाज से हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल शोएब को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने सभी बिंदुओं पर जांच की बात कही है। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 26.6°C
● तापमान न्यूनतम : 10.5°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 13 फरवरी, शुक्रवार, 2026 (3)





वाराणसी कचहरी को उड़ा देने की धमकी मिलने के बाद परिसर को खाली करने की अपील करते पुलिस अधिकारी व अधिवक्ता

जनमुख डेस्क

# SIR : 1 लाख 62 हजार वोटरों को नोटिस

## बीएलओ बोले-मतदाता नहीं ले रहे दिलचस्पी

**● सूची में शामिल नाम, उम्र आदि में गड़बड़ियों को सुधारने के लिए आयोग ने तार्किक विसंगतियों के मामले में नोटिस जारी किया**




**वाराणसी।** निर्वाचन आयोग ने विधानसभा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक लाख 62 हजार मतदाताओं को नोटिस जारी किया है। ये मतदाता वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मेल नहीं खा रहे हैं। इस प्रक्रिया में सुनवाई और निस्तारण का कार्य जारी है, और संबंधित पोर्टल भी खुला है। इसके साथ ही, मतदाता सूची में शामिल व्यक्तियों के नाम, उम्र आदि में गड़बड़ियों को सुधारने के लिए आयोग ने तार्किक विसंगतियों के मामले में नोटिस जारी किया है। इनमें से कई मामलों में देखा गया है कि किसी की उम्र उसके पिता से अधिक है, या उम्र का अंतर केवल 12 से 14 वर्ष है। इसके अलावा, नाम की स्पेलिंग और टाइटिल में भी त्रुटियाँ पाई गई हैं। अब तक 9 लाख 49 हजार 114 मतदाता इस श्रेणी में पाए गए हैं। तार्किक विसंगति के नोटिस में तीन प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यदि किसी मतदाता की मैपिंग उसके पिता से हुई है, तो वर्ष 2003 में पिता की उम्र और वर्तमान में बेटे की उम्र के बीच का अंतर महत्वपूर्ण है। आयोग के नियमों के अनुसार, पिता और पुत्र के बीच का न्यूनतम उम्र का अंतर 15 वर्ष होना चाहिए। इस प्रकार की गड़बड़ियों के लिए मतदाताओं से साक्ष्य मांगे जा रहे हैं, जिसमें पिता का आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यदि किसी मतदाता के नाम में स्पेलिंग की गड़बड़ी है, जैसे कि नाम विनोद के स्थान पर बिनोद लिखा गया है, तो इसे सही किया जा रहा है। इसी प्रकार, टाइटिल में अंतर होने पर भी बीएलओ द्वारा लिखित प्रमाण पत्र के माध्यम से सुधार किया जा रहा है। हालांकि, बीएलओ का कहना है कि इस प्रक्रिया में मतदाताओं से संपर्क साधना कठिन हो रहा है। कई मतदाता सहयोग नहीं कर रहे हैं और कुछ तो यह कहते हुए नाराज हो जाते हैं कि वे वोट नहीं देना चाहते। इस स्थिति में बीएलओ को घर-घर जाकर संपर्क करना पड़ रहा है और वाट्सएप के माध्यम से साक्ष्य मांगने की आवश्यकता पड़ रही है।

## पाणिनि महाविद्यालय की छात्रा ने 5555 तरह से लिखा ॐ

**● छात्रा की उपलब्धि पर कॉलेज ने किया समारोह का आयोजन**



**वाराणसी।** वाराणसी जिले के महमूरगंज स्थित पाणिनि कन्या महाविद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा स्वर्णा निगम ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्वर्णा ने 5555 अलग-अलग प्रकार के ॐ (ओंकार) की पेंटिंग का सृजन कर एक असाधारण और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस कला को 'यूरेशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज किया गया है, जो न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का पल है। स्वर्णा की इस उपलब्धि पर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने प्रशंसा करते हुए स्वर्णा को सम्मानित किया।

## रिक्शावालों की समस्याओं को लेकर महासभा की बैठक

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रिक्शावान महासभा की भूमिका व संगठनात्मक गतिविधियां विषयक संगोष्ठी का आयोजन नगर निगम परिसर, सिगरा स्थित कार्यालय में गुरुवार को सम्पन्न हुआ जिसमें रिक्शा, ई-रिक्शा चालक की जेनुविन व व्यावहारिक समस्याओं का समाधान व काशीवासियों समेत पर्ययकों को सुरक्षित तथा बेहतर यातायात सुविधा सुलभ कराने के लिए ई-रिक्शा चालकों व मालिकों के समग्र हितों की रक्षा व श्रम सुरक्षा, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मुहैया कराने पर प्रतिबद्धता जतायी गयी। आयोजित संगोष्ठी को मुख्य रूप से सुरेश कुमार श्रीवास्तव, घनश्याम यादव, नरेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, चिन्मय चटर्जी, गोपाल प्रसाद, आराधना सिंह राजपूत, लखन जायसवाल आदि ने संबोधित किया।

## वंचित समाज आज भी उपेक्षा का शिकार

**● चंदौली के सांसद ने युवाओं और किसानों से जुड़े मुद्दे को उठाया**



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश-लोकसभा में बजट सत्र के दौरान चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह ने जनपद के वंचित समाज, किसानों और युवाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को से उठाया। सांसद ने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' का दावा करती है, लेकिन चंदौली का वंचित समाज आज भी प्रशासनिक अस्पष्टता और सामाजिक उपेक्षा का सामना कर रहा है। सांसद ने सदन में किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया तथा MSP को कानूनी गारंटी देने, बटाईदार किसानों को प्राकृतिक आपदा में आर्थिक संरक्षण प्रदान करने के साथ साथ कृषि उपज को अमेरिका से हो रही डील से संरक्षित करने की मांग सदन में जोरदार ढंग से रखी। उन्होंने कहा कि किसान केवल उत्पादनकर्ता नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा के आधार स्तंभ हैं; अतः उनकी आय और सम्मान की रक्षा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल के बीस कर्मचारियों ने किया रक्तदान



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय कबीर चौरा वाराणसी में आज शुक्रवार को चिकित्सालय के चिकित्सकों चिकित्सा कर्मियों के लिए ही विशेष तौर पर एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें अस्पताल के ही चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों रेजिडेंट्स इन्टर्नस नर्सिंग संवर्ग, पैरामेडिकल एवं अन्य तकनीकी कर्मचारियों ने इसमें सक्रिय रूप से प्रतिभाग करते सभी अपना अपना रक्तदान दिया है स्वेच्छा से। प्रातः 10:00 बजे तक कुल अब तक 20 लोगों ने रक्तदान किया।

## काशीद्वार के विरोधी किसानों पर पुलिस का पहरा : गांवों में 10 थानों की फोर्स

**वाराणसी।** वाराणसी में काशी द्वार योजना का विरोध अब उग्र हो गया है। किसान सड़क से लेकर तहसील तक आंदोलनरत हैं। किसानों की चेतावनी ने प्रशासनिक अफसरों की नींद उड़ा दी है। इसके बाद अफसर गांव-गांव पहरा दे रहे हैं। गुरूवार को किसानों द्वारा इस योजना के विरोध पर फोर्स मानापुर पहुंच गई। मानापुर गांव में स्थित चौरा माता मंदिर से पिंडरा तहसील के लिए निकलने वाले जुलूस को रोक दिया। बुधवार रात में ही पुलिस को इसकी भनक लग गई। उसके बाद रात 10 बजे से ही गांव में पुलिस द्वारा गस्त किया जाने लगा। रात में ही पुलिस द्वारा मुख्य रास्तों पर बैरियर लगा दिया गया। वाराणसी के पिंडरा तहसील के 10 गांवों में काशी द्वारा टाऊनशिप योजना के तहत भूमि अधिग्रहण किया जाना है। प्रभावित किसान दो साल से इसका विरोध कर रहे हैं। सुबह में ग्रामीण एकजुट होते हैं उससे पहले ही वाराणसी कमिश्नरेट के गोमती जोन के सात थानों की पुलिस के साथ ही पीएसी भी गांव में पहुंच गई।

## नि:शुल्क विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी के तत्वावधान में महाराज विभूति नारायण सिंह निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र (संबद्ध-महाराज बलवंत सिंह पी.जी. कॉलेज, गंगापुर, वाराणसी) द्वारा गुरुवार को आराजी लाइन ब्लॉक, राजा तालाब, वाराणसी में एक निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक कानूनी जागरूकता पहुँचाना तथा न्याय तक सरल पहुँच सुनिश्चित करना रहा। उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

## लोहता में जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मेरा युवा भारत एवं और गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को लोहता क्षेत्र में हुआ। सात दिवसीय कार्यक्रम में पांच राज्यों के आठ जिलों से आए लगभग 200 जनजातीय युवा प्रतिभाग कर रहे हैं। उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने किया। जिला युवा अधिकारी यतेन्द्र सिंह ने युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने तथा काशी की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने पर जोर दिया।

## चंदू चैंपियन का स्वागत



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** चंदू चैंपियन के नाम से पूरी दुनियां में विख्यात भारत के पैरा के पहले दिव्यांग खिलाड़ी जिन्होंने 1972 में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता था, आज 82 वर्ष की अवस्था में दूसरी बार वाराणसी आए हैं पहली बार 1872 में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उनका काशी में भव्य स्वागत हुआ था। गुरुवार को वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचने पर राज्य सलाहकार बोर्ड दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सदस्य डॉ उत्तम ओझा एवं मनोचिकित्सक डॉ. तुलसी दास ने बनारस किला में उनका स्वागत किया। पेटकर वाराणसी में काशी हिंदू विश्वविद्यालय में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के खेलकूद महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने के लिए काशी आए हैं।

## महाशिवरात्रि से पहले गड्ढा पाट देने की क़वायद



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस क्रम में गुरुवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कंदवा स्थित कांदेश्वर महादेव मंदिर और शिवपुर पंचकोशी मार्ग स्थित पांचो पांडव का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व सड़कों की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने महाशिवरात्रि से पहले पंचकोशी मार्ग की सभी सड़कों को हर हाल में गड्ढा मुक्त कराने का निर्देश दिया। कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




## 'यंग क्लाइमेट चैंपियंस प्रोग्राम' में भागीदारी के लिए किया प्रोत्साहित



जनमुख डेस्क

**● अर्थ डे नेटवर्क इंडिया एवं वेस इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वसंत कन्या महाविद्यालय, कमच्छा में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अर्थ डे नेटवर्क इंडिया एवं वेस इंडिया (VESS India) के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. सिमरन सेठ, सदस्य, गो ग्रीन समिति के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा 'यंग क्लाइमेट चैंपियंस प्रोग्राम' के माध्यम से सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में छात्राओं को 'यंग क्लाइमेट चैंपियंस प्रोग्राम' में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अर्थ डे नेटवर्क इंडिया के प्रतिनिधि मोनोदीप दत्ता ने 'यंग क्लाइमेट चैंपियंस प्रोग्राम' की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की संकाय सदस्य प्रो. गरिमा, डॉ. शशिकला, एवं डॉ. पूजा के साथ गो ग्रीन समिति के सदस्य डॉ शशिकेश, डॉ. शशि प्रभा एवम् दीपक कुमार गोंड उपस्थित रहे । धन्यवाद ज्ञापन वेस इंडिया की वॉलंटियर पलक श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सुल्तानपुर समाचार

### बाइक की चपेट में आने से वृद्धा ने तोड़ा दम



**दोस्तपुर (सुल्तानपुर)।** बढ़ौली गांव की 70 वर्षीय कलावती की बृहस्पतिवार सुबह टहलने के दौरान तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिला अस्पताल ले जाते समय कलावती ने दम तोड़ दिया।

कलावती रोज की तरह सुबह करीब पांच बजे घर से टहलने निकली थीं। बढ़ौली चौराहे के पास तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर बाइक सवार दो युवकों को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी।

घायल कलावती को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पतालअंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। कलावती के पति भगौती यादव का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में दो बेटे पन्नालाल और राजाराम हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बाइक सवार दो युवकों को थाने में बैठाया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चंदौली समाचार

### बुलेट की टक्कर से एक युवक की मौतःदूसरा घायल

**चंदौली।** जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना चकरियां गांव के पास बुलेट मोटरसाइकिल की चपेट में आने से हुई। मृतक की पहचान चकरियां गांव निवासी 37 वर्षीय अमित सिंह के रूप में हुई है। उनके साथ 42 वर्षीय सम्राट सिंह भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। दोनों युवक अपने गांव से कुछमन बाजार सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान सकलडीहा से मुगलसराय की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने अमित सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि सम्राट सिंह को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया।

## भदोही समाचार

### मानसिक बीमारी अभिशाप नहीं उपचार से होगा निदान : सीएमओ




**ज्ञानपुर।** सरपतहां स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में बृहस्पतिवार को मानसिक प्रकोष्ठ विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य बैठक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. एसके चक रहे। उन्होंने दैनिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बनाएं, जैसे विषय पर चर्चा किया गया। कहा कि बदलती जीवन शैली के कारण हर व्यक्ति की दिनचर्या प्रभावित हुई है। हर किसी में सेहत को लेकर सजगता होनी चाहिए। बताया कि मानसिक बीमारी कोई अभिशाप नहीं है। इससे किसी को घबराने की जरुरत नहीं है। मनोचिकित्सकों की सलाह पर दवाओं का सेवन करें। बीमारी से धीरे-धीरे आराम मिलने लगता है। मानसिक टीम कैंप लगाकर काउंसिलिंग करके दवा देती है। अवसाद, आत्महत्या, मिर्गी, नींद आदि जैसी समस्या, तनाव, नशा पर सीएमओ ने अपने विचार रखे।

नोडल अधिकारी डॉ. एके मौर्य ने सभी उपस्थित लोगों को मानसिक रोग कम करने के बारे में बताया। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. ओपी शुक्ला, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अजय तिवारी, डिप्टी सीएमओ डॉ. आरपी यादव, डॉ. आशीष दुबे, मनोचिकित्सक डॉ. अभिनव पांडेय, रोली श्रीवास्तव, डॉ. अशोक परासर, डॉ. शांति, डॉ. पीसी बिंद आदि रहे।

## मऊ समाचार

### गांव में पानी की टंकी के निर्माण में लगे श्रमिक की मौत

**बलरामपुर।** अतरौलिया थाना क्षेत्र के भीलमपुर छपरा गांव में जल निगम के पानी की टंकी निर्माण में कार्यरत सुरेंद्र राम (32) की अबूझ हाल में मौत हो गई। शव बृहस्पतिवार की भोर में 4 बजे पिकअप वाहन में मिला। मेंहनगर थाना क्षेत्र के घिनहापुर निवासी सुरेंद्र राम पानी की टंकी निर्माण में मजदूर का काम कर रहे थे। उनके भाई सूरज ने बताया कि बृहस्पतिवार की भोर में करीब 04 बजे फोन पर सूचना मिली कि सुरेंद्र का शव एक पिकअप में पाया गया है।

सुरेंद्र ठेकेदार शंकर के अधीन मजदूरी कर रहे थे। वे एक पुत्री के पिता थे। परिवार वाले घटना के कारणों से अनभिज्ञ हैं और पुलिस से उचित जांच की मांग कर रहे हैं। थानाध्यक्ष देवेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आजमगढ़ समाचार

### हादसे में एक की मौत, दो घायल, टायर फटने से ट्रक से टकराई एंबुलेंस



**आजमगढ़।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर टायर फटने से अनियंत्रित एंबुलेंस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। इसमें चालक सहित दो लोग घायल हो गए, जबकि महोलिया खजुआ थाना बड़हलगंज जिला गोरखपुर निवासी उत्तम यादव उर्फ गुड्डू (22) की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को पीएचसी अहरौला भेजा। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ में मरीज को छोड़कर बृहस्पतिवार की सुबह सात बजे बड़हलगंज गोरखपुर जा रही प्राइवेट एम्बुलेंस का टायर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 203.9 पर ब्रस्ट हो गया। इससे एंबुलेंस अनियंत्रित हो गई। चालक वाहन संभाल पाता कि सामने चल रहे ट्रक के पीछे से टकरा गया। इसमें एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई। एंबुलेंस का चालक बाछेपार थाना बड़हलगंज निवासी अनिल (23) व उसके साथ बैठा अंजान शहीद मोहिउद्दीनपुर थाना जीयनपुर निवासी राकेश कुमार (29) घायल हो गए। एंबुलेंस में बैठा तीसरा व्यक्ति उत्तम यादव उर्फ गुड्डू की मौके पर मौत हो गई। लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौला में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि सुबह लगभग 7:30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना हुई। एम्बुलेंस का टायर फटने से आगे चल रहे ट्रक में टकरा गई।

## सोनभद्र समाचार

### जिलाधिकारी ने विकास भवन, पंचायत रिसोर्स सेन्टर लोढ़ी का किये आकस्मिक निरीक्षण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने आज विकास भवन परिसर, विकास भवन के विभिन्न अनुभागों व पंचायत रिसोर्स सेन्टर लोढ़ी का आकस्मिक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 विभाग में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिये और सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि पत्रावलियों के रख-रखाव के बेहतर प्रबन्ध किये जाये। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में रखे गये सामग्री को देखा और सम्बन्धित से जानकारी प्राप्त की, उन्होंने कार्यालय में रखे गये सामग्री को सम्बन्धित विभाग को सुपूर्त करने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। उन्होंने कहा कि कार्यालय को साफ-सफाई बनाये रखने के साथ ही प्रयोग में न आने वाली किसी भी प्रकार की सामग्री को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाये, जिससे कार्यालय कार्य में समस्या न होने पायें। इसी प्रकार से उन्होंने विकास भवन के पास बने पंचायत रिसोर्स सेन्टर का निरीक्षण किये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किये कि पंचायत रिसोर्स सेन्टर में बेहतर प्रबन्ध किये जाये, आस-पास के झाड़ियों के कटान का कार्य कराने के साथ ही परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने पंचायत रिसोर्स सेन्टर में लगे टाईल्स जो बीच-बीच में टूट गये हैं, को मरम्मत कराने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दियें। उन्होंने कहा कि सेन्टर में समय-समय पर विभागों द्वारा प्रशिक्षण व जनकल्याणकारी जैसे आयोजन व प्रदर्शनी लगाया जाता है, इसलिए भवन में बेहतर प्रबन्ध करने के साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी श्री हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा श्री रवीन्द्र वीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिताशरण, जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 सरिता सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## देवरिया समाचार

### एसडीएम ने कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**रामपुर कारखाना।** उपजिलाधिकारी श्रुति शर्मा ने बृहस्पतिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय की टंकी की सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय परिसर, रसोई कक्ष तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई से जुड़े सवाल पूछे और मेहनत लगन से अध्ययन कर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शौचालय की टंकी भरने की समस्या सामने आने पर उन्होंने तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही पानी निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए नाली निर्माण अथवा सोखता बनवाने हेतु अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत रामपुर कारखाना को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## गोरखपुर समाचार

### बेटा लड़की लेकर भागा, पिता की नाले में लाश मिली



**गोरखपुर।** शुक्रवार सुबह चौरहिया नाला में एक बुजुर्ग की लाश मिली है। जिसकी पहचान 50 साल के राजाराम के रूप में हुई। वह जंगल डुमरी नंबर एक के नारायण टोला में रहते थे। अभी तक परिजन मौके पर नहीं पहुंचे हैं। सूचना पर गुलरिहा थाने की पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल की। इसके बाद लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पूरा मामला गुलरिहा थाना क्षेत्र में चित्रकूट टोला के पास का है।

नारायणपुर टोला के रहने वाले राजाराम मजदूरी करता था। राजाराम के चार बेटियां और 2 बेटे हैं। बताया जा रहा है कि एक बेटा गुलरिहा इलाके की ही एक लड़की को लेकर भाग गया है। इसके बाद से ही पूरा परिवार परेशान था। लड़की के घरवाले भी प्रेशर बना रहे थे, इसलिए राजाराम पूरे परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर कहीं निकल गए थे। 24 घंटे से घर पर ताला लटका हुआ था। मोहल्ले में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थीं। इसी बीच शुक्रवार सुबह 8 बजे घर से 500 मीटर दूर नाले में उतराता हुई लाश देखी गई। आस-पास के लोगों ने तत्काल गुलरिहा थाने की पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान कर लाश कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस के ही वाहन से लाश मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में भिजवाया गया। जहां दोपहर बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस ने राजाराम के घरवालों से भी संपर्क करना चाहा, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल पाया।

## बलिया समाचार

### 2 ड्रोन व 40 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में निकलेगी शिव बारात

**बलिया।** त्योहार के मद्देनजर जिले को छह जोन व 22 सेक्टर में बांटा गया है। सुरक्षा को लेकर पीएसी व पुलिस क्यूआरटी के जवान तैनात होंगे। सीओ को देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट शहर में व संबंधित एसडीएम अपनी तहसीलों में मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहेंगे। वह चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन व सीसी टीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम में 24 घंटे जवान रहेंगे। महाशिवरात्रि पर्व पर भोर से ही शिव मंदिरों पर दर्शन-पूजन करने के लिए भक्तों की भीड़ रहेगी। संबंधित थानों के पुरुष व महिला जवान सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। नगर के बाबा बालेश्वर मंदिर पर आराम से बाबा के दर्शन के लिए बैरिकेडिंग की गई है।

## मीरजापुर समाचार

### विभिन्न धर्मगुरुओं/पीस कमेटी की बैठक कर त्यौहारों को आपसी भाई चारे के साथ मनाने की अपील

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस लाइन सभागार कक्ष में शिवरात्रि, रमजान सहित अन्य त्यौहारों को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपदीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण तथा विभिन्न धर्मगुरूओं/पीस कमेटी के पदाधिकारीगण के साथ बैठक की गई। इस दौरान त्योहारों को आपसी भाई—चारा के साथ शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अपील की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा—निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि किसी भी नई परम्परा की शुरूआत न करे। उन्होंने कहा कि यदि कोई अवांछनीय वस्तु, व्यक्ति जो माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है तो उसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियो को दे उनपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि जनपद मीरजापुर गंगा जमुना तहजीब के लिये जाना जाता हैं।

उन्होने धर्म गुरूओं व जनपद के स्रभ्रात नगारिको से अपील करते हुये कहा कि शान्तिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने हेतु युवाओं व अपने बच्चों को जागरूक करे। उन्होने कहा कि कोई ऐसा कार्य न करे जिससे कि कार्यवाही हो। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी अप्रिया घटना की आशंका होने पर जिला प्रशासन को अवगत कराये।

## गाजीपुर समाचार

### भैंस के रौंदने से मासूम की मौत

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के भक्सी में बृहस्पतिवार को भैंस ने मासूम को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल मासूम ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

भक्सी के अरविंद ने बताया कि उनकी पांच वर्षीय पुत्री कीर्ति गांव में स्थित एक दुकान से समान लेकर लौट रही थी। इसी दौरान सामने से एक भैंस दौड़ते हुआ रही थी।

भैंस ने कीर्ति को रौंद दिया। इससे उसके सीने में गंभीर चोट आई।

सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में उसको अस्पताल लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## प्रयागराज समाचार

### 10 साल से फाइलों में कैद मेट्रो परियोजना को मिली बजट में संजीवनी



**प्रयागराज।** बजट में प्रदेश के जिन शहरों में मेट्रो चलाए जाने की योजना तैयार की गई है, उसमें प्रयागराज में नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। अभी तक 10 साल से फाइलों में मेट्रो परियोजना कैद थी। वर्ष 2016 में बमरौली एयरपोर्ट से झूंसी और फाफामऊ से नैनी-छिवकी तक दो कॉरिडोर की मेट्रो परियोजना का डीपीआर तैयार हुआ था, लेकिन एक दशक बाद भी योजना जमीन पर नहीं उतर सकी थी। बजट में मेट्रो परियोजना शामिल होने से शहरवासियों में खुशी का माहौल है। प्रयागराज धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार के नए बजट में प्रयागराज को नजदीकी जनपदों के पर्यटन विकास से जोड़ने का प्रयास किया गया है। बजट में प्रयागराज-चित्रकूट विकास प्राधिकरण के गठन की बात कही गई है। इसका प्रस्ताव पीडीए ने तैयार कर शासन को भेजा था। प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों के विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न अवसंरचना कार्यों हेतु 800 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत देश के चयनित कुल 100 शहरों में प्रदेश के 10 शहरों का चयन किया गया है, जिसमें प्रयागराज के अलावा लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, सहारनपुर व मुरादाबाद भी शामिल हैं। बजट में महिला सामर्थ्य योजना के अंतर्गत जिन जनपदों में पांच दुग्ध उत्पादक कंपनियों का गठन होना है, उसमें प्रयागराज भी शामिल है।

बजट में दिव्यांग जन कल्याण के लिए 2140 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह 2025-26 की तुलना में आठ फीसदी अधिक है। इसमें प्रयागराज मंडल के फतेहपुर जनपद में नवीन बचपन केयर-डे सेंटर की स्थापना प्रमुख है। बजट में प्रदेश के 17 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने का जिक्र है।

## जौनपुर समाचार

### एक घंटे तक छावनी में तब्दील रहा वीरभानपुर



**जौनपुर।** जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के वीरभानपुर में पुलिस और ग्रामीणों में बृहस्पतिवार रात एक घंटे तक दहशत का माहौल रहा। पुलिस पर पथराव करने वाले घरों में दुबके रहे, जिन्हें खोज-खोजकर पुलिस ने सख्ती के साथ बाहर निकालने में जुटी रही। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने परिवार के लोगों की न सिर्फ पिटाई की, बल्कि घर के गाड़ी, इन्वर्टर समेत कई सामान तक तोड़फोड़ दिए। परिवार के सदस्य संजू ने बताया कि पंकज गौतम सिकरारा थाने में लूट का वांछित है। कुछ लोग सोचते हैं कि दादा पन्ना लाल की शुक्रवार को तेरहवीं है, इसमें वह जरूर आएगा। लेकिन, वह नहीं आया। वहीं, पुलिस के लोग सादी वर्दी में रात नौ बजे आए और खोजने लगे। विरोध करने पर डांट-फटकार करते हुए धक्का मुक्की करने लगे। इसी दौरान लोगों ने ईंट-पत्थर चला दिए। वहीं, पुलिस ने बताया कि वह दबिश दी थी, इसे लेकर कुछ मनबढ़ पुलिस पर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे से हमला करने लगे। बक्शा और सिकरारा थाने की शीशे तोड़ दिए। इसके बाद उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई।

## लाइफ मंत्र

### महाशिवरात्रि पर उज्जैन में ट्रैफिक की टेंशन खत्म, Google Maps बताएगा सही पार्किंग स्पॉट

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा महाकालेश्वर के दरब-ाार में महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी 2026 तकनीक और आस्था के अनूठे संगम के साथ मनाया जाएगा। करीब 10 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए उज्जैन पुलिस ने ट्रैफिक की टेंशन को जड़ से खत्म करने के लिए एक हाईटेक रास्ता निकाला है। इस साल आपको मंदिर पहुंचने के लिए न तो लंबी कतारों में उलझना होगा और न ही पार्किंग की तलाश में गलियों के चक्कर काटने पड़ेंगे। प्रशासन ने इस बार Google Maps को अपना डिजिटल सारथी



बनाया है। पुलिस की एक विशेष आईटी टीम रीयल-टाइम में मैप्स के डेटा को अपडेट करेगी, जिससे श्रद्धालुओं को सीधे उनके मोबाइल पर यह जानकारी मिलेगी कि कौन सा रास्ता खाली है और कहां पार्किंग उपलब्ध है। यह पहली बार है जब इतने बड़े स्तर पर डिजिटल क्राउड मैनेजमेंट का इस्तेमाल कर भक्तों के सफर को सुगम और सुरक्षित बनाने की तैयारी की गई है। आइए जानते हैं, कैसे एक क्लिक पर आप बिना किसी रुकावट के सीधे बाबा महाकाल के द्वार तक पहुंच सकते हैं।

**इस बार क्या रहेगा खास?**

**रियल टाइम ट्रैफिक अपडेटः** पुलिस की एक स्पेशल आईटी टीम और साइबर सेल मिलकर गूगल मैप्स के डेटा को रियल टाइम में अपडेट करेगी। इसका मतलब है कि यदि किसी रास्ते पर ज्यादा भीड़ या जाम होगा, तो गूगल मैप्स उसे ऑटोमैटिकली 'ब्लॉक' दिखाएगा।

**सुगम और खाली रूटः** श्रद्धालुओं को गूगल मैप्स पर केवल वही रास्ते दिखाई देंगे जो पूरी तरह खाली और सुरक्षित हैं। इससे भक्त शहर के अंदरूनी जाम में फंसे बिना सीधे मंदिर या पार्किंग तक पहुंच सकेंगे। **पार्किंग स्पॉट की जानकारीः** शहर के 6 प्रमुख पार्किंग स्थलों (जैसे कर्कराज, मेघदूत, और चारधाम पार्किंग) की लाइव स्थिति गूगल मैप्स पर उपलब्ध होगी। जैसे ही कोई पार्किंग फुल होगी, मैप्स आपको दूसरे खाली पार्किंग स्थल की ओर गाइड करेगा।

**ट्रैफिक जवानों की तैनातीः** करीब 250 ट्रैफिक जवान और 2000 पुलिसकर्मी चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे, जो ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के जरिए भीड़ पर नजर रखेंगे।

**याद रखने योग्यः** यह व्यवस्था 14 फरवरी की रात से लेकर 16 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े और वे सुगमता से दर्शन कर सकें।

**श्रद्धालुओं के लिए विशेष टिप्स**

**गूगल मैप्स का उपयोग करेंः** उज्जैन में प्रवेश करते समय मैप्स पर Mahakal Parking सर्च करें, यह आपको सबसे खाली और नजदीकी स्पॉट दिखाएगा।

**पार्किंग स्थलः** यदि आप इंदौर या देवास की तरफ से आ रहे हैं, तो कर्कराज या मेघदूत पार्किंग आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

**हेल्पलाइनः** किसी भी असुविधा होने पर ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम या मंदिर के पूछताछ केंद्रों से संपर्क करें।

## घूमने के शौकीनों के लिए Good News, IRCTC दे रहा Andaman-Kerala घूमने का सुनहरा मौका



फरवरी में न तो अधिक गर्मी रहती है और न अधिक सर्दी होती है। इसलिए इस महीने घूमने में भी मजा आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको फरवरी 2026 के बजट टूर पैकेज के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। घूमने के शौकीन लोग अक्सर घूमने का बहाना ढूंढते हैं। फरवरी 2026 के लिए ध्ंञऊण की तरफ से टूर पैकेज लाइव कर दिए गए हैं। इस टूर पैकेज की सभी सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया है। इसलिए आप फरवरी महीने में अपने बजट के हिसाब से यात्रा प्लान कर सकते हैं। फरवरी में हजारों लोग कहीं न कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं। यह महीना ट्रेवल के लिए अच्छा माना जाता है। इस महीने मौसम भी सुहावना रहता है। फरवरी में न तो अधिक गर्मी रहती है और न अधिक सर्दी होती है। इसलिए इस महीने घूमने में भी मजा आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको फरवरी 2026 के बजट टूर पैकेज के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**भुज टूर पैकेज**

भुज टूर पैकेज की शुरूआत सूरत, बोरीवली, मुंबई और वडोदरा से हो रही है। इन सभी जगहों से आप टिकट ले सकते हैं। यह टूर पैकेज 4 रात और 5 दिन का है। 04 फरवरी से इस पैकेज की शुरूआत हो रही है, जिसके बाद आप हर बुधवार यात्रा कर सकेंगे। टूर पैकेज में आपको ट्रेन से यात्रा करने का मौका मिलेगा। फिर घूमने के लिए कैब सुविधा उपलब्ध होगी। इस टूर पैकेज का नाम 'RANN UTSAV WITH DHOLAVIRA & ROAD TO HEAVEN' है। आप सर्च करके इस पैकेज के बारे में पूरी जानकारी ले सकते हैं। इस दौरान अकेले यात्रा करने पर 28,200 रुपए पैकेज फीस देनी होगी। वहीं 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति किराया 18,250 रुपए है। अगर आप 3 लोगों के साथ यात्रा करते हैं, तो आपको प्रति व्यक्ति 17,250 रुपए पैकेज फीस है। वहीं बच्चों के लिए पैकेज फीस 16,850 रुपए है। आप भारतीय रेल की ऑफिशियल वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं।

**मुन्नार टूर पैकेज**

बता दें कि इस टूर पैकेज की शुरूआत कोची से हो रही है। इस दौरान आपको थेक्कडी, मुन्नार, कुमारकोम और अलेप्पी घूमने का मौका मिलेगा। यह टूर पैकेज 3 रात और 4 दिनों का है। 02 फरवरी से इस पैकेज की शुरूआत हो रही है और इसके बाद हर दिन आप यात्रा कर सकेंगे। इस दौरान यात्रियों को कैब से यात्रा करवाई जाएगी। टूर पैकेज का नाम 'KERALA LUSH GREEN HILLS' है। इसके बारे में आप सर्च करने पढ़ सकते हैं। इस टूर पर अकेले जाने पर आपको 35,725 रुपए देना होगा। वहीं 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 18,390 रुपए देना होगा। अगर आप 3 लोगों के साथ यात्रा करते हैं, तो आपको प्रति व्यक्ति 14,205 रुपए देना होगा। वहीं बच्चों के लिए पैकेज फीस 6,145 रुपए देना होगा। आप भारतीय रेल की ऑफिशियल वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं।

**पोर्ट ब्लेयर टूर पैकेज**

इस टूर पैकेज की शुरूआत पोर्ट ब्लेयर से हो रही है। ऐसे में आप इन जगहों से टिकट ले सकते हैं। यह टूर पैकेज 4 रात और 5 दिनों का है। इस टूर पैकेज की शुरूआत 02 फरवरी से हो रही है। इसके बाद आप हर दिन इससे यात्रा कर सकेंगे। इस दौरान आपको कैब से यात्रा करवाई जाएगी। इस टूर पैकेज का नाम 'EXOTIC ANDAMAN HOLIDAYS - GOLD' है। आप इस टूर पैकेज का नाम सर्च करके इसके बारे में पूरी जानकारी ले सकते हैं।



## Love Birds ध्यान दें! Valentine Week को बनाएं खास, ये हैं India की 5 Dream Romantic Destinations

**भारत में कई ऐसी रोमांटिक जगहें हैं, जहां पर आप ट्रिप प्लान कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की कुछ रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक ट्रिप प्लान कर सकती हैं।**

वैलेंटाइन वीक की शुरूआत हो चुकी है। यह वीक सिर्फ प्रपोज करने, गुलाब, चॉकलेट या टेडी देने तक सीमित नहीं होता है। बल्कि इस दौरान लोग अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हैं। इस दौरान कपल्स अच्छी यादें बनाते हैं। अगर आप भी इस वैलेंटाइन वीक अपने पार्टनर के लिए कुछ नया करना चाहती हैं, तो आप रोमांटिक ट्रिप प्लान कर सकते हैं।

बता दें कि भारत में कई ऐसी रोमांटिक जगहें हैं, जहां पर आप ट्रिप प्लान कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की कुछ रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक ट्रिप प्लान कर सकती हैं।

**मनाली**

हिमाचल प्रदेश को रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। आमतौर पर लोग शिमला, मसूरी या नैनीताल जाना पसंद करते हैं। लेकिन इस बार अगर आप वैलेंटाइन वीक को खास बनाना चाहती हैं, तो आप मनाली जा सकती हैं। मनाली कपल्स के लिए बेस्ट मानी जाती है। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकती हैं।

**कुर्ग**

कर्नाटक में बसे कुर्ग को 'भारत का स्कॉटलैंड' कहा जाता है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह जगह आमतौर पर पार्टनर्स के लिए परफेक्ट मानी जाती है। यहां पर आपको एक से बढ़कर एक सुंदर नजारे देखने को मिलेंगे। अगर आप वैलेंटाइन वीक पर यहां आते हैं, तो आपको यह ट्रिप हमेशा याद रहेगी।

**जीरो वैली**

अरुणाचल प्रदेश का जीरो वैली एक बेहद खूबसूरत जगह है। अगर आपको नेचर के आसपास और शांति में रहना पसंद हैं, तो जीरो वैली आपके लिए परफेक्ट जगह है। अगर आप भी वैलेंटाइन वीक को खास बनाना चाहती हैं, तो आपको जीरो वैली जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।


**अल्मोड़ा**

उत्तराखंड का अल्मोड़ा एक बहुत खूबसूरत राज्य है। यहां के हिल स्टेशंस इतने ज्यादा खूबसूरत हैं कि आपको यहां पर पार्टनर के साथ घूमने में भी मजा आएगा। ऐसे में आप उत्तराखंड के अल्मोड़ा में भी वैलेंटाइन वीक मना सकती हैं। खास बात यह है कि यह जगह दिल्ली से काफी करीब है। साथ ही आप यहां पर आसानी से पहुंच सकते हैं।

**वायनाड**

केरल का धरती का स्वर्ग भी कहा जाता है। ऐसे में अगर आप किसी रोमांटिक डेस्टिनेशन की तलाश कर रहे हैं, तो केरल का वायनाड आपके लिए परफेक्ट है। यहां के बैकवाटर, झरने और हरियाली आपके ट्रिप को यादगार बना देंगे। अगर आप भी अपने वैलेंटाइन वीक 2026 को खास बनाना चाहती हैं, तो अभी से इन जगहों पर जाने की प्लानिंग कर लेनी चाहिए। क्योंकि वैलेंनटाइन वीक में महंगाई अधिक बढ़ जाती है। इसलिए पहले से बुकिंग करनी ठीक होता है।

## देवघर के वैद्यनाथ धाम में डॉक्टर हैं महादेव, दर्शन से दूर होते हैं सारे रोग!



महाशिवरात्रि 2026 के अवसर पर झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम मंदिर का विशेष महत्व है, जहां महादेव की वैद्य के रूप में पूजा होती है। यह 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है और लेख में यहां ट्रेन, फ्लाइट व सड़क मार्ग से पहुंचने की पूरी जानकारी दी गई है। महाशिवरात्रि का पर्व बेहद करीब आ चुका है। इस बार 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा। इस दौरान भोलेनाथ के भक्त मंदिरों के दर्शन का प्लान बनाते हैं। इस दिन शिव-शक्ति का मिलन हुआ था। यह दिन महादेव का सबसे खास दिन माना जाता है। अगर आप चाहते हैं कि भगवान शंकर आपकी मनोकामना को पूर्ति करें, तो भोलेबाबा के इस ऐतिहासिक मंदिर में दर्शन के जरुर जाएं। इन्हीं में से एक झारखंड के देवघर का मंदिर है। बैद्यनाथ धाम से प्रसिद्ध यह मंदिर, अपनी चमत्कारी कथाओं के लिए जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस मंदिर में महादेव द्य रूप में पूजे जाते हैं। यह मंदिर महादेव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जो भी भक्त अपनी बीमारियों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो महादेव का आशीर्वाद चाहते हैं, तो इस मंदिर के दर्शन का प्लान जरुर बनाएं।

**कहां है बैद्यनाथ धाम?**

झारखंड के देवघर में यह मंदिर स्थित है। यह 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, इसलिए यहां जाने के लिए आपको साधन की कमी नहीं मिलने वाली है। ट्रेन, बस या अपनी गाड़ी से भी जा सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि महाशिवरात्रि के दिन भक्तों की भीड़ यहां बहुत ज्यादा होती है। यहां पर लोगों की लंबी लाइन लग जाती है। दर्शन के लिए जा रहे हैं, तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

**कैसे पहुंचे?**

**ट्रेन से -** यदि आप देवघर जाना चाहते हैंस तो आप ट्रेन से जा सकते हैं। आप देवघर रेलवे स्टेशन के लिए टिकट बुक करें। देवघर का कोड (DGHR) है। आपको पटना, रांची और दिल्ली जैसे बड़े शहरों से सीधी ट्रेन मिल जाती है। इसे महादेव के खूबसूरत मंदिर में से एक भी माना जाता है। स्टेशन से क-रीब 10 किमी की दूरी पर मां-दिर स्थित है।

**फ्लाइट से**

यदि आप प्लेन से आने का प्लान कर रही हैं, तो देवघर में एयरपोर्ट भी है। कई शहरों से यहां तक के लिए फ्लाइट मिलती है। यहां पर आने के बाद आप कैब या ऑटो लेकर मंदिर जा सकती हैं।

- इसके अलावा, आप रांची और पटना में भी एयरपोर्ट मिल जाएगा।

**सड़क मार्ग से**

यदि आप सड़क के जरिए बस या अपनी गाड़ी से जाना चाहते हैं, तो आपको पहले देवघर का रूट लेना होगा। पटना, रांची, भागलपुर, धनबाद और कोलकाता जैसे शहरों से आपको सीधी बसें मिल जाएंगी। स्टेट हाइवे के जरिए प्राइवेट कार और टैक्सी मिल जाएगी, जिससे आप आसानी यहां पहुंच जाएंगे।

**बैद्यनाथ धाम मंदिर समय**

मंदिर सुबह 4 बजे खुलता है और रात 9 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। हालांकि दोपहर 3:30 बजे से शाम 5 बजे तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। ऐसे में यदि आप दर्शन की योजना बना रही हैं, तो वीआईपी टिकट लेना एक बेहतर विकल्प हो सकता है। सामान्य दर्शन में लगभग 4 घंटे या उससे भी अधिक समय लग सकता है, जबकि 300 रुपये का वीआईपी टिकट लेने पर समय की काफी बचत हो जाती है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682